**खबर संक्षेप**

## सोमवार को सर्व स्वर्णकार सेवार्थ युवा मंडल मंडला का गठन



**मण्डला।** सोमवार को सर्व स्वर्णकार सेवार्थ युवा मंडल मंडला के गठन एवं दुर्गोत्सव आयोजन के विषय में चर्चा हेतु बैठक रखी गई थी। जिसमें युवाओं ने सर्व सम्मति से युवा मंडल का अध्यक्ष निकेत सराफ को एवम् उपाध्यक्ष प्रांजल सोनी (मोनू ) को चुना। सर्व स्वर्णकार सेवार्थ समिति के जिला अध्यक्ष-प्रहलाद सोनी उपाध्यक्ष-पंकज सोनी महामंत्री- शैलेंद्र सोनी (शैलू), मुकेश सोनी, सुधीर मुजवार, अरुण सोनी, अशोक सोनी, सुनील सोनीजी एवं समस्त सामाजिक बंधुओं ने शुभकामनाएं दिए। आप लोगों से अपेक्षा है, आप समर्पित भाव से समाज की उन्नति में अग्रसर रहेंगे।

## दैनिक आधार पर लक्ष्य तय करें जिला अधिकारी-कलेक्टर

**मण्डला।** जिला योजना भवन में जनसुनवाई के बाद सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण की गति संतोषजनक नहीं है। सभी जिला अधिकारी अगस्त माह की एवं 50 दिवस वाली कुल शिकायतों के अनुपात में दैनिक आधार पर लक्ष्य तय करें। प्रतिदिन शाम को इसका निकायवार/विकासखण्डवार फॉलोअप सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद करायें जिससे विभागीय रैंकिंग बेहतर हो। सभी जिलाधिकारी प्रतिदिन के शिकायत निराकरण की जानकारी जिला ग्रुप में अनिवार्य रूप से साझा करें।

### स्वर्गीय मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग जारी

# नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब का दबदबा कायम





*** महात्मा गांधी स्टेडियम में हो रही प्रतियोगिता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंगलवार को महात्मा गांधी स्टेडियम में स्वर्गीय मुस्ताक अहमद प्रीमियर फुटबॉल लीग का पहला मैच नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब और सहजर के बीच खेला गया। इस मैच में नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब ने 6/1 जीत लिया। नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से प्रकाश नंदा ने 3, अंकुश मरावी, प्रिंस उइके व आरूष सिंह ने 1-1 गोल किया। दूसरा मैच सहजर व जंतीपुर के बीच खेला गया। इस मैच में सहजर ने 2/0 से जीत दर्ज की। सहजर की तरफ से सुमित व संतोष ने अपनी टीम के लिए गोल किया।

मंगलवार का तीसरा मैच नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब व पदमी के बीच खेला गया। खेल के पहले हाफ में नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब की टीम 2/0 से आगे रही। स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से पहला गोल अंकुश मरावी ने किया जबकि दूसरा गोल प्रथम चौकसे ने किया। सेकंड हाफ में पदमी की टीम ने शानदार वापसी करते हुए एक के बाद एक दो शानदार गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया, लेकिन यह बराबरी ज्यादा देर तक कायम न रह सकीं और नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब के प्रथम चौकसे ने जल्द गोल कर अपनी टीम को फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब ने पदमी को वापसी का मौका नहीं दिया और 6/2 के बड़े अन्तर से हरा दिया।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता रामेश्वर झरिया, जिला कांग्रेस कमेटी व जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश तिवारी, जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष रजनीश रंजन उसराठे, जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष डॉ दिलीप शर्मा, हॉकी मंडला के सचिव सैयद कमर अली, जिला फुटबाल संघ व नर्मदा स्पोर्ट्स क्लब के सचिव अनिल सोनी, अब्दुल मुकीम कुरैशी, राजेंद्र शर्मा, अनूप वासल, पार्षद विनय वरदानी, अली इमाम अंसारी, समीर बाजपेई, योगेश चौरसिया, पंकज उसराठे, मुजबी हसन, बिलाल अहमद सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। आयोजन समिति ने समस्त खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक संख्या में महात्मा गांधी स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें।






## स्कूल के बच्चें पहुंचे रेडक्रॉस, देखी देशभक्ति की थीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

गणेश उत्सव के पावन अवसर पर रेडक्रॉस व्यापारी मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति इस वर्ष विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं। समिति ने पंडाल को भक्ति और देशभक्ति की अनूठी थीम पर सजाया। इस अवसर पर विजडम वल्ड स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चे भी भगवान गणेश के दर्शन करने पंडाल पहुंचे। प्राचार्य संजना सिहारे, कोऑर्डिनेटर निकिता जैन तथा शिक्षिकाएं शालिनी, श्रृद्धा, नोसिन और साक्षी ने बच्चों को समिति द्वारा चुनी गई थीम और उसके उद्देश्य से अवगत कराया। समिति ने इस वर्ष पंडाल को चंद्रयान-2 और ऑपरेशन सिंदूर की झलकियों के साथ सजाया है। जिसका उद्देश्य बच्चों और आमजनों को देशभक्ति का संदेश देना है। पंडाल में बच्चों ने सामूहिक रूप से आरती, पूजन-अर्चन किया। छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस भव्य आयोजन में नगर के कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, पवन सोनी, सोनू भलावी, बिट्टू चौरसिया, आशीष अरोरा, गोल्डी झरिया, सचिन शर्मा, मयंक साहू, सत्यम मिश्रा, अमर लाहौरी, शशांक शुक्ला, सौरभ चौरसिया, रंजीत कांड्रा, राहुल श्रीवास, विपिन राय, नितेश पटेल और विकल्प कछवाहा सहित समिति के सक्रिय सदस्य पूरे आयोजन में योगदान देते नजर आ रहे हैं।

## सकल दिगंबर जैन मंदिर में हुआ तत्वार्थ सूत्र का वचन



**मण्डला।** मंगलवार को पर्यूषण पर्व के महा उत्सव कार्यक्रम में पूजनीय विमल मति माताजी संघ के दिशा निर्देशन एवं पर्यूषण पर्व के प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी राकेश भैया जी के मार्गदर्शन में तत्वार्थ सूत्र का वचन सकल दिगंबर जैन समाज मंडला कि महिलाओं द्वारा उत्तम संयम के दिन हुआ। बता दें कि पर्यूषण पर्व, जैन समाज का एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दौरान जैन धर्म के अनुयायी पूरे श्रद्धा भाव के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। पूरे पर्व के दौरान जैन मंदिरों में अनेक आयोजन किए जाते हैं, जिसमें लोग बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज करते हैं।

## एक वृक्ष माँ के नाम में शमशान घाट में वृक्षारोपण किया गया



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत श्मशान घाट खैरी नारायणगंज में एक वृक्ष माँ के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया जिसमें कई प्रकार के वृक्षों का रोपण किया गया उनमें फलदार वृक्षों का भी वृक्षारोपण किया गया जिसमें कदम का वृक्ष आम बेल कचनार रातरानी पारिजात अमरूद आदि के पेड़ों का श्मशान घाट में लगाया गया एवं सभी ने शपथ ली कि इन वृक्षों को की देखभाल हमेशा करते रहेंगे और जो वृक्ष भूल बस किसी कारणों से देखभाल नहीं हो पाई और उन्हें अलग करना पड़ा या खराब होकर गिर गए उनके एक वृक्ष के साथ कई वृक्षो का रोपण किया गया एवं हमेशा उन्हें देखभाल करने की शपथ ली गई इस वृक्षारोपण के कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खैरी के सरपंच शांति हुकुम परते उप सरपंच दीपक सोनी सचिव अनिल शर्मा रघुनंदन विश्वकर्मा रतन सिंह ठाकुर सुशांत अग्रवाल चिनी सोनी विनोद रजक आदि ने वृक्षारोपण के कार्यक्रम में शामिल हुए।

## गणेशोत्सव पर जय श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



श्री झूलेलाल गणेशोत्सव समिति के द्वारा दस दिवसीय महोत्सव में विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। इसमें श्री खाटू श्याम मंडली के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत श्री खाटू श्याम की परंपरागत पूजा अर्चना एवं भगवान गणेश की आरती पूजा से की गई।इसके पश्चात मंडली के सदस्यों के द्वारा सुरीली आवाज में भगवान गणेश एवं श्री खाटू श्याम के गीतों भजनों पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसको देखकर सभी उपस्थित जन झूम उठे और सामूहिक रूप से आनंदित हुए। दस दिवसीय महोत्सव में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किये जा रहे हैं इसीक्रम में श्री खाटू श्याम भजन संध्या के आयोजन से उत्साहवर्धन हुआ। भजन मंडली के द्वारा मनमोहक गीतों की प्रस्तुति से सभी धर्म आस्था प्रेमी भाव विभोर हुए। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद जी का वितरण किया गया।

## जनसुनवाई में पहुंचे 80 आवेदन, कलेक्टर ने सुनी समस्या

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में संपन्न हुई जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने आवेदकों की समस्याएं सुनकर उनका समुचित निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में 80 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए एवं आवेदन की प्रकृति के अनुसार समय सीमा निर्धारित की।

## श्री गणेश जी की मनोहारी प्रतिमायें



गणेशोत्सव समिति भारत ज्योति स्कूल के सामने बस स्टैंड मण्डला



ब्लॉक गणेश उत्सव समिति जनपद चौराहा नारायणगंज



श्री राधा कृष्ण कुटी नारायणगंज



शिवशक्ति गणेश उत्सव समिति नारायणगंज

**उपलब्धि** | कान्हा (सरही) के नागरिकों ने भाजपा नेतृत्व का ज्ञापित किया धन्यवाद।

# कान्हा भ्रमण हेतु बनाया गया नया प्रवेश द्वार

*** 01 अक्टूबर से हो रहा शुभारंभ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का सरही प्रवेश द्वारा जो कि वर्ष 2008 में पर्यटकों के लिए खुला था लेकिन 2008 से लेकर 2025 तक इस जोन के वाहन पूरी संख्या में यहां से प्रवेश नहीं कर रहे थे और सरही प्रवेश द्वार उपेक्षित जैसी स्थिति में था साथ ही स्थानीय रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया था। ग्राम के नागरिकों, गाइड, जिप्सी मालिक, वाहन चालक, होमस्टे संचालक सहित सभी ने इस समस्या से भाजपा नेतृत्व को अवगत कराया और कैबिनेट मंत्री संपतिया ऊईके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, पूर्व विधायक शिवराज शाह, विधायक प्रत्याशी रहे डॉ. विजय आनंद मरावी, पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे, मंडल अध्यक्ष बिछिया नीरज भट्ट के द्वारा स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु अथक प्रयास किए गए । कान्हा क्षेत्र के ग्राम के समाजसेवी भोजराज यादव, नरेश सार्वे, शोभित रावत देवी यादव, सरपंच पार्वती ऊईके, उपसरपंच लखन पंद्रे, पंचू पुशाम, मूलचंद यादव, राकेश यादव, राजेंद्र यादव, तुलाराम यादव, नरबद यादव, संतोष यादव, दीपक यादव, अंतराम यादव, लल्ला यादव, रोहित यादव, राजेश यादव, संतु यादव, अनिक यादव, सुमित यादव सहित अन्य ग्रामवासियों ने भी बहुत मेहनत की और फलस्वरूप प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्थिति को देखते हुए पत्राचार किया गया और प्रधान वन संरक्षक के द्वारा 29/08/2025 को आदेश जारी किया गया और टिकट की संख्या बढ़कर सुबह 19 और सायं 17 कर दी गई है जो कि पोर्टल में भी उपलब्ध है। दिनांक 01/08/2025 को ग्राम के नागरिकों, जिप्सी संचालक, होमस्टे संचालक, नप अध्यक्ष बिछिया रजनी मरावी, पार्षद शशिकांत, पूनम रजक श्रीवास्तव ने भाजपा नेतृत्व के सभी लोगों का आभार प्रकट किया और बुके/शाल/श्रीफल से स्वागत किया अब ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की संभावना काफी बढ़ जाएगी। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का गेट 1 अक्टूबर से प्रारंभ होने जा रहा है और टिकट बुकिंग भी तेजी से हो रही है। कान्हा के इस क्षेत्र के ग्रामों में बैगा और गोंड जनजाति के लोग काफी संख्या में निवास करते हैं और सबको स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। और दूर दूर से आने वाले पर्यटकों के माध्यम से बिछिया नगरीय क्षेत्र में भी व्यापार बढ़ेगा।

गाडरवारा में गणेशोत्सव की धूम








# एनटीपीसी द्वारा तीन साल पहले हुये समझौते की बात को पूरा नहीं करने पर प्रभावित किसानों सहित श्रमिकों ने फिर फूंका विरोध का बिगुल






हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

समीपस्थ चीचली क्षेत्र में जब कुछ साल पहले एनटीपीसी की स्थापना हुई थी उस दौरान एनटीपीसी की स्थापना के लिये जमीन का अधिग्रहण किया गया था तो उस दौरान प्रभावित किसानों तथा एनपीटीसी के बीच कुछ जरूरी बातों को लेकर समझौते के माध्यम से कुछ बाते निर्धारित की गई थी। मगर इन मांगों को पूरा नही किये जाने के चलते आये दिन क्षेत्र के प्रभावित किसानों सहित एनटीपीसी में कार्य करने वाले श्रमिकों के बीच विवाद ही स्थिति बनने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई तीन साल पहले यानि की वर्ष 2022 में भी उस समय देखने मिली थी जब प्रभावित किसानों द्वारा एनटीपीसी के खिलफ विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया गया था। इसके बाद अधिकारियों तथा प्रभावित किसानों के साथ साथ श्रमिकों के बीच अपनी मांगों को पूर्ण करने के भरोसे के चलते मामला शांत हो गया था। मगर एक बार फिर यह विरोध प्रदर्शन की चिंगारी आग पकड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। इस तरह अपनी मांगों को लेकर बीते हुये मंगलवार को क्षेत्र के प्रभावित किसानों सहित श्रमिकों द्वारा एकत्र होकर नर्मदा बिहार कालोनी के पास एनटीपीसी के अधिकारियों को तीन साल पहले यानि की वर्ष 2022 के त्रिपक्षीय समझौते को पूर्ण न करने का आरोप लगाते हुये ज्ञापन सौपा गया है। वही बताया जाता है कि ज्ञापन में माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यदि आने वाले 15 सितम्बर मांगे पूरी नही होती है तो उग्र आंदोलन जैसे कदम उठाने के लिये मजबूर होना पड़ेगा..? सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2022 में धरना समझौता के एनटीपीसी को प्रभावित किसानों को लिखित में जो बात कही गई थी उसे पूरा करने के लिये तैयार नही है। जिसके चलते हम सभी प्रभावित किसान एवं एनटीपीसी के मजदूर वर्ग सामूहिक रूप से यह स्पष्ट करना चाहते है कि एनटीपीसी की कार्य प्रणाली हम लोगों को एक बार फिर बडे उग्र आंदोलन की ओर जाने के लिये मजबूर कर रही है। एनटीपीसी से प्रभावित किसानों द्वारा मंगलवार को सौपे गये ज्ञापन में अपनी मांगों को एक बार फिर उजागर किया गया है। इन प्रभावित किसानों व श्रमिकों की मांग है कि प्लांट में कार्यरत सभी श्रमिको को फिक्स वेतनमान व्यवस्था तथा सीनियोरिटी के आधार पर अपग्रेड व फिक्स वेतनमान पर प्रति वर्ष दस प्रतिशत वेतन वृद्धि दी जाये। वही ESIC मेडिकल व्यवस्था व बाकी लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस व्यवस्था मुहैया कराने के आलवा शेष सभी प्रभावित किसान (रेलवे पाईप लाईन) को जो प्लांट कार्यो से बंचित है उन्हे तत्काल प्रभाव से कार्य मुहैया कराया जावें तथा मौदा, लारा, सीपत की तरह गाडरवारा प्लांट हेतु पीएपी के लिये शत प्रतिशत आरक्षण पर आईटीआई सीटों के लिये वैकेंसी निकाली जावे। वही एनटीपीसी प्लांट एवं समस्त एजेन्सियों में लगने वाली सभी प्रकार के वाहन मात्र प्रभावित किसानों के ही लगाये जावे। इसके आलवा 60 वर्ष पेंशन स्कीम को निरंतर प्रभावी रखने के साथ जो भी प्रभावित किसानो का निधन हो गया है उनके वारिसों के पीएपी कार्ड बनाये जावे। वही प्रस्तावित बिजली सव स्टेशन चिन्हित स्थान पर तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू कराया जावे एवं ग्राम मेहराखेड़ा घाट पिपरिया नदी पुल को तत्काल स्वीकृत कराते हुये निर्माण कार्य शुरू किया जावे। वही प्लाई एश से हो रहे दूषित ग्राउंड वाटर का निराकरण करते हुये यथासंभव किया जावे। क्योंकि जानकारी मिली है कि इससे आर्सेनिक तत्व ब्लैकफुट नामक बीमारी का कारण गत वर्षो में संभावित है..? वही अस्पाताल में बड़ी बीमारियों से संबंधित व्यवस्था एवं सभी प्रभावित ग्रामों की सभी प्रकार



समितियों को 2 करोड़ तक के कार्य प्रदान किये जावे। प्रभावित किसानों व श्रमिको द्वारा अपनी इन मांगों से परिपूर्ण ज्ञापन एनटीपीसी अधिकारियों को सौपते हुये चेतावनी दी गई है कि यदि आने वाले 15 सितम्बर तक उनकी मांगों पर गंभीरता से ध्यान नही दिया गया तो किसान मजदूर उग्र धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य होगे जिसमें संपूर्ण जिम्मेदारी एनटीपीसी प्रबंधन की होगी। इस प्रकार से मंगलवार को क्षेत्र के प्रभावित किसानों सहित श्रमिको ने एनटीपीसी के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर शंख फूक दिया गया है। अब देखना यह है कि आने वाले 15 सितम्बर के बाद क्या होता है...?

## गणेश उत्सव के चलते आज डोल ग्यारस के मौके पर निकलेंगे भगवान के विमान, पुलिस द्वारा की जा रही चाक चौबंध व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** निश्चित तौर से एक समय था जब महामारी का प्रकोप के दौरान हमारे धार्मिक त्यौहार निकल जाते थें और हम मना ही नही पाते थें। मगर सभी संकटों से बचाने वाले सृष्टि में प्रथम पूज्य गणेश जी का उत्सव इन दिनों जिस तरह से लोगों को मनाते हुये देखा जा रहा है उसके चलते संपूर्ण क्षेत्र में धर्म की गंगा बहते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रही है। क्योंकि इस समय गणेश उत्सव चल रहा है जिसके चलते आज डोल ग्यारस के मौके पर पूर्व के समय में शहर में जो धूम देखने मिलती थी वह निश्चित तौर से इस समय गायब नजर आ रही है। यदि पूर्व की सच्चाई पर गौर किया जावे तो गाडरवारा में डोल ग्यारस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों ने जिस तरह एक अलग पहचान बनाई गई थी उसके कारण सिर्फ नगर के लोग ही नही बल्कि दूर दूर गांवों से भी लोग इस डोल ग्यारस का आनंद उठाने के लिये शहर आते थें और रात रात भर चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता प्रदान करते हुये आनंद लेने से नही चूक पाते थें। क्योंकि डोल ग्यारस के दौरान जहां सड़को पर गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने वालों की भीड उमड़ते देखी जाती थी तो दूसरी ओर इस दिवस शहर में निकलने वाले भगवान के विमान निश्चित तौर से अपनी अनोखी छटा बिखरने में कोई कसर नही छोड़ते थें। नगर के अनेक मंदिरों से निकलने वाले भगवान के सभी विमान शहर की सड़कों से भ्रमण करते हुये शहर के झंडाचौक पहुंचते थें और रात भर वहां पर भजन कीर्तन का आयोजन चलते हुये देखा जाता है। इसके उपरांत सुबह लगभग 5 बजे सभी विमान शक्कर नदी में जल विहार के निकाले जाते थें। इसी के चलते इस समय चल रहे गणेश उत्सव के दौरान भी चारों ओर गणेश उत्सव की धूम मची हुई देखी जा रही है इसी के चलते लोगों में गणेश उत्सव को लेकर काफी उत्साह तो है जिसके चलते वह बीते हुये वर्षो की गणेश भक्त कसर निकलने के लिये मन बना चुके है। क्योंकि गौरा के नंदन की दर्शन करने के लिये भीड़ निकलना शुरू हो चुका है। वैसे भी देखा जावे तो आज डोल ग्यारस पर निकलने वाले भगवान के विमानों को लेकर शासन द्वारा प्रदान की गई गाइड लाईन के अनुसार कार्यक्रम आयोजित होगे और कल शाम से मौसम में बदलाव आने से बारिश का दौर रूका हुआ है जिससे अनुमान है कि आज डोल ग्यारस के मौके पर गणेश दर्शन के लिये भारी भीड़ उमडने से नही चूकेगी।



## बारिश के दौरान बीमारियों को लगे पंख, इलाज महंगा होने से मरीजों को हो रही परेशानी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शहर और क्षेत्र के अधिकांश गांवो में सफाई व्यवस्था की कमी और बारिश के चल रहे दिनों में जल प्लावन होने से क्षेत्र में अरबो मच्छर कई तरह की बीमारियो में वायरल फैला रहे है, शहर के शासकीय चिकित्सालय, ग्रामो के सामुदायिक केंद्रो के अलावा निजी अस्पतालो में मच्छर जनित बीमरियों से पीड़ति मरीजो की कतारे लग रही है। बताया गया है कि चिकित्सालयो में इन दिनों सर्वाधिक मरीज मलेरिया, शरीर में दर्द, पेट सम्बंधी बीमारियों के पहुॅच रहे है किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि अधिकतर डाक्टरों को मरीजो का उपचार करने की जगह अपने मनी बेग ठसा ठस भरने की परवाह रहती है। मरीजों के परिजनो का कहना है कि नगर के शासकीय चिकित्सालयो में अव्यवस्था का बोल बाला होने से और इसके चिकित्सकों के प्राइवेट प्रेक्टिस में अधिक रूचि लेने से मरीजों को उचित स्वास्थ्य सेवाएँ नही मिल रही है? शासकीय चिकित्सालय के सामने परिसर में भरे गंदे पानी व व्याप्त गंदगी से मरीजो और उनके परिजनो को दिक्कत हो रही है तथा मरीजो को बाहर रेफर करने के खेल के चलते मरीजों के साथ उनकी सेवा करनें वाले परिजन भी हलाकान हो रहे है। उधर बताया गया है कि वर्षा जानित बीमारियों को पंख लगने का फायदा उठाते हुए निजी क्लीनिकों में मरीजो की जांच फीस, इलाज खर्च बढ़ गया है। इस स्थिति के चलते वह अपना इलाज कराने में असमर्थ है। हरिभूमि के ग्रामीण संवाददाताओं से मिल रही जानकारियों के अनुसार ग्रामो के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में चिकित्सकीय संस्थानो की कमी और पर्याप्त स्टाफ, डाक्टर न होने से ग्रामो के मरीजो को प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएँ नही मिल पा रही है और वे अपना उपचार कराने शहर के अस्पतालो में पहुॅचने मजबूर हो रहे है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के मरीजो का आशा केन्द्र शहर का शासकीय चिकित्सालय 100 बिस्तरों की क्षमता बाला बन गया है। इस चिकित्सालय के परिसर में डाक्टरो के नए क्वार्टर, कुछ नए वार्ड जरूर बन गए है मगर मरीजो की विभिन्न जांचो के इंतजाम, मरीजो के परिजनो के बैठने, ठहरने की व्यवस्था न होने से मरीज संकट में पड़ रहे है।




## ड्राईवर दिवस पर वाहन चालक संघ द्वारा रैली निकालते हुये सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब कोई वाहन को यदि ड्राईवर चलाता है तो अपनी जिन्दगी दांव पर लगाने में पीछे नही रहता है। क्योंकि लोग पैसा के बल पर बडे बडे वाहन खरीद तो सकते है। मगर उन्हें सड़क पर चलाने की क्षमता सिर्फ ड्राईवर में ही होती है। बडे वाहनों के माध्यम से वाहन मालिक लाखों रूपया पैदा कर लेते है। मगर उसमें अहिम भूमिका उसके चलाने वाले ड्राईवर की होती है। इस तरह वाहन को चलाने वाले ड्राईवर सम्मान का अधिकारी माना जाता है। इस प्रकार से बीते हुये 1 सितम्बर को आल्ल ड्राईवर कल्याण संघ द्वारा अपना ड्राईवर दिवस मनाते हुये नगर में भव्य रैली का आयोजन किया गया। वही दूसरी ओर अपनी जरूरी मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार प्रियंका नेताम को ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर आल्ल ड्राईवर संघ के चालको द्वारा अपनी साथियों को मांग दर्शन देते हुये सदा ही यातायात के नियमों का पालन करने के लिये जागरूक किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान संघ के प्रमुख ड्राईवरों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष पति राम दावरे, जिला महामंत्री रामकुमार यादव, जिला सचिव हनुमत कुशवाहा, जिला अध्यक्ष नारायण सिंह राजपूत, जिला प्रभारी नवीन राजपूत, जिला उपाध्यक्ष कैलाश, जिला कानूनी सलाहकार हरि गोविंद जाटव, जिला संगठन सलाहकार ललित राम शर्मा, गाडरवारा तहसील अध्यक्ष धन सिंह यादव व तहसील मालवाहका अध्यक्ष सौरभ दुबे, राकेश राजपूत, जयप्रकाश लोधी, तेंदूखेड़ा अध्यक्ष निरंजन, राजमार्ग अध्यक्ष लक्ष्मण, राजू राजपूत ठेकेदार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अचानक सड़क पर मवेशी आने से हुई बाइक की टक्कर, मोटर साईकिल चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



शहरों के साथ साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखा जाने लगा है कि लोग अपनी जरूरत के हिसाब से घी दूध खाने के लिये पशुओं को पालते है। मगर उन्हें खुला छोड़े जाने के कारण लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पा रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये सोमवार की दर शाम समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले ग्राम थलवाड़ा व सूखाखैरी के बीच मुख्य मार्ग पर देखने मिली जहां पर मोटर साईकिल चालक के पशुओं से टकरा जाने के कारण उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम थलवाड़ा निवासी रामकुमार पिता संत राम प्रजापति उम्र लगभग 19 साल अपनी मोटर साईकिल से कही जा रहा रहा था। इस दौरान अचानक खेत से निकलते हुये एक मवेशी मुख्य सड़क पर आ जाने के दौरान बाइक चालक अपनी गाड़ी पर कन्ट्रोल करने में सफल नही हो पाया और वह मवेशी से टकरा जाने के चलते युवक गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही पड़ा रहा। इस तरह कुछ देर बाद जब इसकी सूचना चीचली पुलिस तथा परिजनों को मिली तो घायल युवक को उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित किये जाने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर**

अपील प्रकरण क्रमांक 0032/ अपील वर्ष 2025-26

**सूचना पत्र**

**श्रीमती लक्ष्मी बाई पत्नी स्व. अमृतलाल विश्वकर्मा एवं अन्य तीन......अपीलार्थीगण**

**बनाम**

**रामनारायण आ. छोटेलाल बाढ़ई अन्य चार .......उत्तरावादीगण**

भागवती बाई पुत्री छोटे लाल विश्वकर्मा एवं नीतू पुत्री छोटे लाल बाढ़ई को इस नोटिस के माध्यम से सूचना दी जाती है कि उपरोक्त अपीलार्थीगण के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार चीचली/बाबईकला के राजस्व प्रकरण क्रमांक 1601 अ -6 वर्ष 2024-25 ग्राम - सूखाखैरी में पारित आदेश दिनांक 20.05.2025 से परिवेदित होकर मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के तहत इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की है, जिसमें आपको व्यक्तिश: सूचनापत्र जारी किये गये थे, जो तामील नही हो पा रहे है, इस स्थिति में आपको इस सार्वजनिक सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जा रहा है कि उपरोक्त अपील प्रकरण में दिनांक 10.09.2025 को मेरे न्यायालय में सुनवाई की जावेगी। अत: आप नियत दिनांक को न्यायालय में सुनवाई हेतु उपस्थित रहे। यदि निश्चित तारीख को आप स्वयं या न्यायालय की अनुमति से आपके मुख्त्यार या वकील उपस्थित न हुए तो अपील में एक पक्षीय निर्णय किया जावेगा।

उपरोक्त सूचना पत्र समाचार पत्र में प्रकाशनार्थ मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा कार्यालय की मुहर के अधीन आज दिनांक 25/08/2025 को जारी किया गया।

सील

**श्रीमती कलावती व्यारे**
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**गाडरवारा जिला - नरसिंहपुर (म. प्र.)**

## पानी टंकी क्षेत्र में अज्ञात तत्वों द्वारा सड़क पर धारदार हथियार फेंककर भागने से फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।




जहां एक ओर नव नियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में बढ़ रही अपराधिक गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिये सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी के चलते बीते हुये कुछ दिनों से उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा मादक पदार्थो सहित अन्य अपराधों में लिप्त रहने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये देखा जा रहा है। मगर बीते हुये मंगलवार की शाम पानी टंकी क्षेत्र में सनसनी का महौल उस समय निर्मित होने से नही चूक पाया जब तेज मोटर साईकिल से जा रहे हुये कुछ तत्वों द्वारा मुख्य मार्ग पर तेज धारदार हथियार फैककर भागते हुये देखे गये। क्योंकि नगर की पानी टंकी क्षेत्र वैसें भी देखा जावे तो लम्बे समय से अति संबेदनशील माना जाता है। क्योंकि यहां पर दिन दहाड़े हुये हत्या की घटना ने यहां पर पुलिस को तैनात रहने की सच्चाई पहले ही उजागर कर दी गई थी। इसी के चलते यहां पर पुलिस चौकी की स्थापना भी की गई है। वही दूसरी ओर गुप्त केमरे भी लगाये गये है। मगर हैरत इस बात की देखी जा रही है कि बीते हुये थोक की स्थिति में पुलिस कर्मियों के हुये तबादलों के चलते पुलिस थाने में भारी पुलिस बल की कमी आ चुकी है तो दूसरी ओर यहां पर लगे हुये गुप्त केमरे भी सुधार कार्य नही होने के चलते मात्र शोभा की सुपारी बनकर रह चुके है..? इस प्रकार से गाडरवारा पुलिस थाने में जरूरत के हिसाब से पुलिस बल न होने के कारण स्थापित पुलिस चौकी भी देखने तक सीमित होते हुये जान पड़ रही है। इस स्थिति में आवारा गर्दी करने से लेकर अन्य अवैधानिक गतिविधियों में लिप्त रहे वाले तत्वों के लिये पानी टंकी क्षेत्र प्रमुख अड्डा के रूप में दिखाई देने से नही चूक पा रहा है..? पानी टंकी क्षेत्र में बीते हुये मंगलवार की शाम सनसनी का महौल उस समय पैदा होने से नही चूक पाया जब तेज मोटर साईकिलों से जा रहे कुछ तत्वों द्वारा मुख्य मार्ग पर तेज धारदार हथियार यानि की गन्ना काटने वाले बका फैकते हुये भागने में सफल हो गये। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ लोग तेज मोटर साईकिलों पर जा रहे थें उनके द्वारा सड़क पर इन हथियारों को फैकते हुये भागे है..? वह लोग कौन थें और उनके द्वारा यह धारदार हथियार यहां क्यों फैके गये यह सच्चाई सभी के लिये समाचार लिखे जाने तक एक गुत्थी बनी हुई थी..? वही इस तरह मुख्य मार्ग पर हथियार फैके जाने की सूचना वहां पर मौजूद लोगों द्वारा पुलिस को भी दी गई है जिसके चलते मौके पर पुलिस द्वारा पहुंचकर अपनी कार्यवाही शुरू किये जाने की खबर है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि अभी वर्तमान समय में गन्ना कटाई का कार्य तो चल ही नही रहा है जिससे यह अनुमान लगाया जावे कि कोई गन्ना किसान इतनी मात्रा में खरीदकर ले जा रहा होगा जिसके चलते उसके गिर गये होगे..? इस तरह अचानक मुख्य मार्ग पर धारदार हथियार फैके जाने की सच्चाई को लेकर नगर में अनेक प्रकार की चर्चाओं का बाजार गर्म होने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर लोगों में दहशत की स्थिति भी निर्मित होते हुये देखी जा रही है..?

**खबर संक्षेप**

## स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संपन्न



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनिल कुशराम के द्वारा आजादी के महोत्सव के तत्वाधान में निबंध, भाषण, देश भक्ति गीत एवं कविता आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी के रुप में उषा मरावी, कृतिका बर्मन एवं सेवंत परस्ते प्रथम स्थान में रहे। इसके साथ स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना की मासिक कार्यक्रमों के अंतर्गत 14 अगस्त विश्व युवा दिवस पर वैश्विक मुद्दे एवं युवाओं की भूमिका पर चर्चा 19 अगस्त विश्व संस्कृत दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा सुभाषित एवं ज्ञानवर्धक श्लोकों का हिंदी अर्थ के साथ में वाचन किया एवं 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस पर व्हालीवाल, खो - खो और मटकी फोड़ आदि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त स्टॉफ एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार और मनमानी के खिलाफ कोटवार एकजुट



**शहपुरा** - राजस्व विभाग के कुछ कोटवार विरोधी फैसलों और लगातार हो रही अनियमितताओं के खिलाफ अब कोटवारों ने बड़ा कदम उठाया है। आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के तत्वाधान में 4 सितंबर को भोपाल में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा जिसमे शहपुरा सहित डिंडौरी जिले के कोटवार भी शामिल होंगे जिसकी जानकारी कोटवार संघ ने तहसीलदार को ज्ञापन सौप कर दी। संघ ने ज्ञापन में बताया कि भिंड जिले की अटेर तहसील में 31 कोटवारों को अवैध रूप से हटाया गया है। वहीं भिंड की तहसील में 6 कोटवारों को हटाने के साथ उनकी सेवा भूमि पर कब्जा किया गया। खंडवा जिले की पंधाना तहसील में एक कोटवार की अधिकारी के बंगले पर संदिग्ध हालात में मौत हुई, जबकि सिहोर जिले में एक बाहुबली जनप्रतिनिधि ने मूल कोटवार को हटवाकर अपने घरेलू नौकर को कोटवार पद पर नियुक्त कराया। कोटवारों ने आरोप लगाया कि कोटवार पंचायत 2007 और 2023 में पारित आदेशों व घोषणाओं का पालन नहीं किया गया। पिछले एक वर्ष से प्रदेशव्यापी ज्ञापन दिए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इन्हीं मुद्दों पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कोटवारों ने अंतिम उपाय के रूप में भोपाल में तिरंगा यात्रा निकालेगा। इस दौरान उन्होंने भारत माता से न्याय की गुहार लगाने और सरकार से वादों को पूरा करने की मांग भी करेंगे।

## प्राप्त 64 आवेदनों पर हुई सुनवाई

# कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई जनसुनवाई

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।





डिंडौरी ।

जिन मामलों में तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाया उनमें संबंधित आवेदकों को निश्चित समय-सीमा में समाधान का आश्वासन दिया गया।

जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम चटुवा निवासी सोनू लाल धुर्वे ने आवेदन में मां का कार से एक्सीडेंट में निधन हो गया था, जिन्हें एक्सीडेंट सहायता राशि की मांग की है जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने एसडीएम डिंडौरी को जांच कर सहायता राशि प्रकरण तैयार कर भुगतान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार माध्यमिक शाला रूसा के विद्यार्थियों ने विद्यालय में लंबे समय से शिक्षक के अभाव में गणित एवं विज्ञान शिक्षक की पढाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है। जिसकी मांग रखी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को विद्यालय में टीचर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि ताकि शिक्षा व्यवस्था मु सुधार किया जा सके।

आवेदक टीकाराम ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि वे प्राथमिक शाला नान डिण्डौरी में मध्यान्ह भोजन बनाने में रसोइया के रूप में कार्यरत थे, मुझे 8 माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर ने डीपीसी को रसोइयों का लंबित मानदेय भुगतान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मानिकपुर में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण पूरा होने के बाद भी संचालन प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है उन्होंने जल्द से जल्द स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ करने की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उक्त नवीन भवन में आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम सढवाछापर निवासी श्रीमती तिजिया बाई ने फरवरी 2025 से राशन न देने का आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच करते हुए शिकायत का निराकरण करने के लिए निर्देश दिए है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत दर्री मोहगांव के अंतर्गत ग्राम बल्ही माल की महिलाओं ने कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि गांव की अधिकांश महिलाओं को अब तक योजना का लाभ नहीं मिला है, आवेदन को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को गांव में जाकर जांच कर संबंधित सभी पात्र परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न



डिंडौरी ।

आगामी 05 सितंबर को ईद-मिलाद-उन-नवी, जैन समाज का परयुशन पर्व, 06 सितंबर को अनन्त चतुर्दशी (गणेश विसर्जन) और 22 सितंबर से नवरात्रि एवं 02 अक्टूबर को दशहरा पर्व का त्यौहार परम्परागत, सौहाद्रपूर्ण एवं शांतिपूर्ण मनाने के संबंध में मंगलवार को आज कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, अशोक अवधिया, राजेन्द्र पाठक, पुनीत जैन, प्रभात जैन, राधेलाल नागवंशी, जयसिंह मरावी, श्री महेश धुमकेती, महेन्द्र दाहिया, लक्ष्मीकांत तिवारी, डॉ. इकबाल, रजनीश राय, असगर सिद्दीकी, राजेश पाराशर, प्रमोद जैन, सहित अन्य जनप्रतिनिधि और पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, नगर परिषद सीएमओ, आटीओ अधिकारी, पीडब्ल्यूडी, अभियोजन अधिकारी श्री मनोज वर्मा, यातायात प्रभारी सुभाष उइके, थाना प्रभारी , जनसंपर्क अधिकारी, डिंडौरी तहसीलदार रामप्रसाद मार्को सहित अन्य संबंधित अधिकारी और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने बैठक में शांति समिति के सदस्यों से चर्चा करते हुए कहा कि आगामी 05 सितंबर को ईद मिलाद-उन-नबी का त्यौहार मनाया जायेगा। जिसके बाद अनंत चतुर्दशी गणेश विसर्जन, नवरात्रि पर्व, दशहरा के पर्व मनायें जायेंगे। जिले में सभी त्यौहारों का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सभी लोगों की सहभागिता से अपनी परम्परानुसार मनाये जायेंगे। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने आगामी त्यौहारों के संबंध में अपने अपने सुझाव प्रस्तुत किये।

बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधि सदस्यों ने नगर के सभी सडकों को सीवर लाइन कंपनी के द्वारा जगह-जगह गडढे खोदे जाने के कारण आवागमन में परेशानी आ रही है। जिसे समतल कराने की मांग रखी जिसपर कलेक्टर ने दो दिवस के अन्दर निर्माण एजेंसी एवं नगर परिषद सीएमओ डिंडौरी को समतल कराने के निर्देश दिए। शांति समिति के सदस्यों द्वारा बस स्टेण्ड से नर्मदा नदी के किनारे मत्स्य दुकानों को अन्य जगह पर स्थापित करने की मांग रखी। मीट मछली की दुकाने उचित स्थान पर लगाने के नगर पालिका सीएमओ और तहसीलदार डिंडौरी को निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही साथ कलेक्टर ने पुराने गल्ला गोदाम स्थित प्रांगण में चौपाटी लगाने के नगर परिषद सीएमओ को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि घाटों को छोडकर गणेश विसर्जन के कुण्ड में किया जाए। बैठक में उपस्थित होमगार्ड के डिस्टिक कमाण्डेंट को निर्देशित किया गया कि विसर्जन स्थल पर लाइफ जैकेट, रस्सी के साथ तैराक होमगार्ड के जवान एवं गोताखोर सभी घाटों में तैनात रहेंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 108 एम्बुलेंस जीवन रक्षक दवाईयों के साथ चिकित्सक टीम के साथ उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है। जिले के समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदारों एवं थाना प्रभारियों/ चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्थानीय शांति समिति/पण्डाल अध्यक्षों की बैठक बुलाकर विद्युत कनेक्शन समिति के सदस्य के नाम, मोबाइल नंबर, एवं डीजे के प्रयोग पर प्रतिबंध, कम आवाज में स्पीकर चलाने, मार्गों में अवरोध उत्पन्न न होने देने, आदि के संबंध में आवश्यक हिदायतें देने निर्देशित किया गया। उक्त पर्व के अवसर पर धारदार हथियारों को लेकर पर पूर्णतः प्रतिबंध किया गया है। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों से अपील की है कि अपने-अपने स्तर से नगर वार्डों एवं कस्बों में साम्प्रदायिक सद्भाव व सौहार्द्र हर हाल में बनाए रखने में आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने स्वास्थ्य विभाग की टीम, फायर ब्रिगेड, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभागों को सजग रहने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने त्यौहारों के मद्देनजर मिष्ठान भण्डारों में खाद्य गुणवत्ता की सघन जाँच करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी त्यौहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाये जायेंगे। त्यौहारों के दौरान पुलिस व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।



## शहपुरा नगर परिषद क्षेत्र में पानी की किल्लत, वार्ड क्रमांक 6 के लोग बेहाल

शहपुरा

नगर परिषद शहपुरा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 के निवासी इन दिनों पानी की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई महीनों से नलों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है, जिससे उन्हें पीने के पानी और दैनिक उपयोग के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वार्डवासियों ने बताया कि नगर परिषद को बार-बार आवेदन और शिकायत देने के बावजूद न तो पानी की आपूर्ति बहाल की गई और न ही सफाई व्यवस्था सुधरी। हालात यह हैं कि गंदगी और कचरे से गलियां बदबू मार रही हैं, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदकर बैठे हैं। उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करने की लगातार कोशिश की गई, मगर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वार्ड क्रमांक 6 के निवासियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया और सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



# आजादी के 79 साल बाद भी सड़क से दूर ग्रामीण, आक्रोशित ग्रामीण

### मामला पड़रिया से धनगांव सड़क का

शहपुरा

आजादी के 79 वर्ष बीत जाने के बाद भी डिंडोरी जिले के शाहपुरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया से पोशाक ग्राम धनगांव तक सड़क निर्माण का सपना अब तक अधूरा ही है। ग्रामीणों को आज भी लगभग दो किलोमीटर कीचड़युक्त और दलदली मार्ग से होकर गुजरना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में यह रास्ता नरक का रूप ले लेता है, जिससे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक कठिनाई झेलने को मजबूर हैं। ग्राम के बुजुर्ग रामलाल मरकाम ने कहा – "हर चुनाव में नेता आते हैं, सड़क बनाने का भरोसा देते हैं लेकिन जीतते ही हमें भूल जाते हैं। हमारे बच्चों को स्कूल तक पहुँचने में घंटों लग जाते हैं।"

वहीं किसान महेश उइके ने बताया – "बरसात में खेत का अनाज बाहर ले जाना मुश्किल हो जाता है। अगर जल्द सड़क नहीं बनी तो हमें आंदोलन करना पड़ेगा।"

ग्राम की महिला सुनीता मरावी का कहना है – "बीमार महिलाओं को समय पर अस्पताल ले जाना सबसे बड़ी चुनौती है। कई बार खाट पर उठाकर ले जाना पड़ा है।"

ग्रामीणों का आरोप है कि वे कई वर्षों से इस समस्या को लेकर जनपद शहपुरा से लेकर जिला मुख्यालय डिंडोरी तक शिकायतें और आवेदन दे चुके हैं। लेकिन प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक किसी ने भी ठोस कदम नहीं उठाया। राजनीतिक रूप से भी यह मुद्दा गर्माता रहा है। विगत विधानसभा चुनाव में आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग पूरी न होने पर धनगांव मतदान केंद्र का बहिष्कार किया था। इस दौरान तत्कालीन जिम्मेदार अधिकारियों और नेताओं ने गांव पहुंचकर जल्द सड़क निर्माण का आश्वासन दिया था। मगर आज तक यह वादा अधूरा है।



ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण की दिशा में ठोस पहल नहीं होती है तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करेंगे। उन्होंने साफ कहा है कि जब तक सड़क नहीं बनेगी, वे जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक शिकायतें दर्ज कराते रहेंगे।गांव की स्थिति साफ दिखाती है कि सरकारी योजनाओं और नेताओं के आश्वासनों के बावजूद विकास का सपना अब भी अधूरा है।

# विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने विभिन्न निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

विधानसभा क्षेत्र शहपुरा के शैक्षणिक विकास को नई दिशा देने की मंशा से स्थानीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने मंगलवार को शाहपुर स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का लोकार्पण, सांस्कृतिक भवन का भूमिपूजन, ग्राम नुनखान में हाईस्कूल भवन का लोकार्पण, पंचायत भवन का भूमिपूजन, सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, सीसी रोड का भूमिपूजन, ग्राम पंचायत मेर माल में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन सीएचओ आवास गृह का भूमिपूजन, पुलिया निर्माण का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या उपस्थित रहीं।





कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात विधायक ने भवन का लोकार्पण कर विद्यार्थियों को समर्पित किया। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में उन्हें लंबी दूरी तक पैदल चलकर पढ़ाई करनी पड़ी, लेकिन अब बच्चों को सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यालय में ठंडे पानी, फर्नीचर और अन्य व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। साथ ही विद्यालय तक पहुँचने हेतु सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में शीघ्र ही मॉडल कॉलेज की स्थापना की जाएगी और वहाँ आने-जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

विधायक धुर्वे ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सतत प्रयासरत है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का बेहतर वातावरण तैयार करेगा। उन्होंने शिक्षकों से पूरे समर्पण के साथ विद्यार्थियों को पढ़ाने की अपील की और विद्यालय परिसर में स्वच्छता, पौधारोपण एवं अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने घरों में अपनी माँ के नाम से एक-एक पौधा अवश्य लगाएँ।

हाई स्कूल भवन लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने सभी को गणेश उत्सव की शुभकामनाएँ दीं और भवन निर्माण विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई कर जिले व माता-पिता का नाम रोशन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आदिवासी संस्कृति विलुप्त हो रही है, इसे जीवित रखना हम सबका कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण को प्रथम कर्तव्य बताते हुए सबको इसमें सहयोग देने का आग्रह किया। अंत में उन्होंने सभी से अपनी माँ के नाम से एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लेने की अपील की।

विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने ग्राम नुनखान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि ग्रामीणों को हो रही पानी की समस्या का समाधान जल्द ही करने के निर्देश पीएचई विभाग को दिए हैं। साथ ही विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने के विद्युत विभाग को निर्देश दिए। विधायक श्री धुर्वे ने कहा कि प्रत्येक घर में नल की व्यवस्था कर रहे हैं साथ ही उन्होंने कहा कि 1 एक एकड़ स्वयं की भूमि में पौधारोपण करते हैं तो 2 लाख रूपए की राशि शासन के द्वारा स्वीकृत की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्रओं को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जनपद सदस्य श्रीमती कीर्ति गुप्ता, राकेश परस्ते, रेवा पाण्डेय, मनोहर ठाकुर, लक्ष्मण सिंह, सुशील राय, उपाध्यक्ष श्रीमती रामकिशोरी ठाकुर अन्य वरिष्ट जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी बीईओ बी.डी.सोनी, बीआरसी अरूण चौबे, थाना प्रभारी शाहपुर, जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ठा. कपिल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त



**नरसिंहपुर**। विगत दिवस भोपाल में आयोजित अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन संपन्न हुआ।उक्त बैठक के संगठन विस्तार कार्यक्रम में नरसिंहपुर जिले के ग्राम कुमरोड़ा निवासी ठा.कपिल सिंह को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त गया है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव गंगा चरण सिंह राजपूत एवं मध्यप्रदेश के लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश नरवरिया ने आगामी समय में मध्यप्रदेश में लोधी समाज सभी जिलों में संगठन के कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की।ठा. कपिल सिंह की इस नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों एवं मित्रों ने सामाजिक बंधुओ ने बहुत-बहुत बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### चलती ट्रेन से गिरने से भोपाल के बुजुर्ग की मौत



**गोटेगांव**। विगतदिवस भोपाल के गोविंदपुरा निवासी अशोक कुमार धनयबाद (उम्र 74 वर्ष) की चलती ट्रेन से गिरने के कारण दुखद मृत्यु हो गई। यह घटना गोटेगांव रेलवे स्टेशन के समीप हुई।
जानकारी के अनुसार अशोक कुमार धनयबाद चलती ट्रेन से अचानक नीचे गिर गए, जिसके कारण उन्हें गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनका निधन हो गया। उनके पुत्र अजितेश धनयबाद (उम्र 42 वर्ष) ने बताया कि उनके पिता भोपाल में भारतीय निकेतन, शिव मंदिर के पास गोविंदपुरा में रहते थे। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस (GRP) और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर शव का पंचनामा कार्यवाई कर मामला जांच में लिया हैं।

### फिटनेस व बिना बीमा के संचालन पर तीन माल वाहक जब्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गत दिवस आयुक्त परिवहन एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी और उनकी टीम के द्वारा जिले में लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी ने इसी क्रम में नरसिंहपुर शहर की गल्ला मंडी रैक प्वाइंट आदि जगहों पर 14 मालवाहक ट्रकों की जांच की। जांच के दौरान क्रमांक एमपी 22 जी 4163 व एमपी 20 जीबी 1102 बिना फिटनेस और वाहन क्रमांक एमपी 49 जी 0953 को बिना फिटनेस व बिना बीमा के पाए जाने पर उक्त वाहनों को जब्त कर जिला परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर में रखा गया है।

# 21 सूत्रीय मांगो कों लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। विगत दिवस भारतीय किसान यूनियन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। किसानों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि जिला कृषि प्रधान होने के बाद भी किसानों को विभिन्न समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने गन्ना, मक्का, सोयाबीन, बिजली, खाद-यूरिया, आवारा मवेशियों से फसल सुरक्षा और फसल बीमा जैसी 21 बड़ी मांगें रखीं। किसानों द्वारा ज्ञापन के दौरान बताया गया कि आवारा मवेशियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शासन द्वारा ठोस कार्रवाई की जावे की मांग रखी।

### अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी

संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन मे बताया गया है कि अगर मांगें जल्द नहीं मानी गईं तो जिले के किसान ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे और जिला



मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। किसानों ने कहा कि नरसिंहपुर प्रदेश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक जिला है, लेकिन शासन-प्रशासन की उदासीनता से किसान परेशान हैं। इसी वजह से यह 21 सूत्रीय मांगें सरकार तक पहुंचाई गई हैं। किसानों का कहना है कि अगर इन मांगों पर जल्दी कार्रवाई नहीं हुई तो इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।इसके अलावा किसानों ने यह भी कहा कि नहरों का रखरखाव और सफाई नियमित हो, जहां नहरें नहीं हैं वहां टेंडर लगाकर नहर बनाई जाए। राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान तहसील स्तर पर जल्दी किया जाए। खाद-बीज की दुकानों पर प्रशासन निगरानी रखे। अगर ज्यादा मूल्य वसूला जाए या टैगिंग का दबाव बनाया जाए तो दुकान सील की जाए। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में संशोधन किया जाए, ताकि क्षेत्र को इकाई मानने के बजाय खेत को इकाई माना जाए और हर किसान को योजना का लाभ मिल सके।

### ये रही मांगे

एमएसपी गारंटी कानून बने और मक्का, सोयाबीन को शासकीय खरीदी में शामिल किया जाए। आरआर एग्रो खंडसारी मिल घोटाले और चतुर्भुज फर्जी ट्रेडिंग कंपनी के जरिए हुई लूट की जांच हो।किसानों को भुगतान मिले और दोषियों पर सरकार केस लड़कर कार्रवाई करे साथ ही इस मुद्दे पर किसान संगठन के प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री से बैठक कराई जाए। नरसिंहपुर जिले में सहकारी शुगर मिल खोली जाए,क्योंकि यह प्रदेश का सबसे बड़ा गन्ना उत्पादक क्षेत्र है। अन्य राज्यों की तरह प्रदेश में गन्ना नीति लागू की जाए, ताकि किसानों को फायदा मिल सके।गन्ने का भुगतान सुगर मिलों से 15 दिन में कराया जाए, देरी होने पर 16ः ब्याज दिया जाए। गन्ना विभाग में शुगर टेस्ट मशीन कई वर्षों से बंद है, उसे चालू कराया जाए। शुगर मिलें शुरू होने से पहले किसानों, प्रशासन और शुगर मिलों की बैठक कराई जाए।बोनी के समय से लेकर जब जरूरत हो, खाद, यूरिया, डीएपी की व्यवस्था हो और टैगिंग बंद की जाए।

### आवार मवेशी कर रहे फसलों नुकसान

खेतों में सूअर और आवारा मवेशियों से फसल का नुकसान होने पर मुआवजा दिया जाए। आवारा पशु नियंत्रण के लिए कानून बने।तार फेंसिंग के लिए अनुदान सभी किसानों को मिले।खेत सड़क योजना फिर से शुरू की जाए। मनरेगा को कृषि से जोड़ा जाए, ताकि मजदूरी का खर्च कम हो। मंडी का क्षेत्रफल बढ़ाया जाए,चैड़ीकरण का वादा पूरा किया जाए।मंडी चुनाव जल्द कराए जाएं,ताकि किसान अपनी बात प्रतिनिधि के माध्यम से रख सकें।मंडियों में जिंदा तौल बंद कराई जाए। गोटेगांव में मटर खरीद मंडी चालू की जाए। सब्जी मंडियों में दलालों की लूट रोकने के लिए कानून बने। जैविक उत्पादों के लिए मार्केट उपलब्ध कराया जाए,उनका प्रचार-प्रसार हो और इनके लिए अलग एमएसपी तय की जाए।बिजली आपूर्ति 12 घंटे नियमित हो, बीच में कटौती होने पर अलग से आपूर्ति मिले। जले ट्रांसफार्मर और खराब तार तुरंत बदले जाएं। ट्रांसफार्मर जलने पर दो दिन के भीतर बदला जाए। सीएम कृषि पंप योजना फिर से लागू की जाए। कृषि कार्य में लगने वाले आधुनिक उपकरण और दवाइयों को मुक्त किया जाए।

### बरहटा स्कूल में चलाया जा रहा ओजोन परत संरक्षण अभियान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गत दिवस शासकीय कृषि हायर सेकेण्डरी विद्यालय बरहटा में संकुल प्राचार्य शैलेन्द्र बक्शी के मार्गदर्शन में ईको क्लब व राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विद्यालय में विद्यार्थियों को लाइफ मिशन कार्यक्रमों तथा मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट, फॉरेस्ट एंड क्लाइमेट चेंज, ओजोन सेल आदि द्वारा ओजोन परत के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय में विद्यार्थियों को ओजोन परत का महत्व, उसको नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों एवं संरक्षण करने के तरीकों आदि की जानकारी प्रदान की। इस दौरान उच्च माध्यमिक शिक्षक तरूवर पटेल ने ओजोन संरक्षण पर होने वाली ऑनलाइन प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। साथ अपने अपने विचारों को पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से ओजोन परत के संरक्षण के लिए रखने और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्राचार्य श्री बक्शी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 16 सितंबर को ओजोन परत के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। यह दिन 1985 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल को अपनाने की याद में मनाया जाता है, जब सरकारों, वैज्ञानिकों और उद्योग जगत ने मिलकर ओजोन परत को नुकसान पहुँचाने वाले सभी पदार्थों में 99 की कमी लाने के लिए काम किया था। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की बदौलत, ओजोन परत में सुधार हो रहा है और उम्मीद है कि सदी के मध्य तक यह 1980 से पहले के स्तर पर वापस आ जाएगी। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार की एक केंद्रीय योजना है जो छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के लिए प्रोत्साहित करती है और इसमें ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करने की पहल की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी शरद गुप्ता,प्रशांत नामदेव, यश गुप्ता व भृत्य उपस्थित रहे।

# आशादीप संस्था ने सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गत दिवस समाज सेवा के क्षेत्र में समर्पित संस्था आशादीप सामाजिक सूत्र के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने थाना प्रभारी कोतवाली को ज्ञापन सौंपा। संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सौंपे गए में ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एक सितंबर को नगर के व्यक्ति राहुल चंदेल द्वारा यूथ कांग्रेस एनएसपी व्हाट्सएप्प ग्रुप जिसमें चार सौ लोग जुड़े हुए है तथा छः लोग इस ग्रुप के एडमिन है। उक्त ग्रुप पर एक मेसेज साझा करते हुए वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी, नेता प्रतिपक्ष इंजी. रुद्रेश तिवारी पर ड्रग्स कारोबार में शामिल होने की टिप्पणी की गई है। जिससे आशादीप संस्था के हम सभी सदस्यों को इस आरोप से गहरा आघात लगा है एवं हम सभी उद्वेलित हैं। मांग की गई है कि राहुल चंदेल एवं इस ग्रुप के एडमिन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जावे जिससे समाज के इन मानसिक रोगियों का कानूनी रूप से इलाज हो सकें। ज्ञात हो कि इंजी. तिवारी 30 वर्षों से समाज सेवा में समर्पित संस्था आशादीप के सम्मानीय संरक्षक है, वरिष्ठ पत्रकार एवं रोटरी क्लव, इंजीनियर्स फोरम, प्रेस क्लब सहित अनेक संस्थाओं के न केवल संस्थापक है बल्कि जिले में एक वरिष्ठ शिक्षाविद एवं समाजसेवी की पहचान रखते है ऐसी टिप्पणी कर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन में ठा. आकाश सिंह अध्यक्ष आशादीप संस्था, राजेन्द्र मनोहर तिवारी, विवेक जोशी , जितेन्द्र मिश्रा, करीम खान, प्रवेश तिवारी, जीतू रैकवार, विक्की नौरिया, पवन कुशवाहा, सुरेन्द्र कटारे, टेक बहादुर थापा, प्रकाश नौरिया, लखन ठाकुर, कमलेश ठाकुर, शुभम डाकोरे , चिन्टू राणा, राजा सिलावट, मोन्टी राजपूत, मुकेश नेमा, करन नौरिया, शिवकुमार मेहरा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छात्राओं को वितरित की साइकिल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। गत दिवस पी एम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला ओलंपिक संघ अध्यक्ष पार्षद अजय प्रताप पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ बी एस शर्मा, शिक्षक पालक संघ अध्यक्ष श्रीमती प्राची जाटव,प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा की उपस्थिति में कक्षा छठवीं की 39 एवं कक्षा नवमी की 21 छात्राओं को साइकिल का वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वितरण कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ शर्मा ने योजना के मुख्य उद्देश्य को बताते हुए कहा कि स्कूल आने छात्राओं को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना। घर से स्कूल की दूरी अधिक होने पर छात्रों को स्कूल तक पहुँचने में मदद करना। शिक्षा को बढ़ावा देना और विद्यार्थी को स्कूल में बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना। विद्यार्थीके स्कूल छोड़ने की दर को कम करना है। उक्त अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों, छात्राओं की उपस्थिति रही।

### यातायात प्रभारी द्वारा सघन तलाशी अभियान के तहत तीन बाहनों के काटे चालान



**तेंदूखेड़ा** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने नियम विरुद्ध असुरक्षित बाहन चलाने वाले चालकों पर दंडात्मक कार्यवाही की जा रही है।जिसके तहत मंगलवार को यातायात जिला निरीक्षक ममता तिवारी ने तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर औचक निरीक्षण किया गया जिसके तहत एक मारुति बेन में नंबर प्लेट ना होने पर 500 रुपए दूसरे बाहन में क्षमता से अधिक स्पीड होने पर 1000रुपये तथा एक कार में स्कूली बच्चों को बिठाकर परिवहन नियमों के उल्लंघन करने पर 5 हजार रुपए के चालान काटे गए हैं। यातायात प्रभारी निरीक्षक ने जानकारी में बताया कि सुरक्षित यातायात की दिशा में माननीय कलेक्टर महोदया द्वारा भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं वहीं दो पहिया मोटरसाइकिल चालकों को हेलमेट लगाकर बाइक चलाने जन-जागरण किया जा रहा है। पेट्रोल पंपों पर भी बगैर हेलमेट के पेट्रोल ना देने निर्देश जारी किए गए हैं।

# स्कूल की छत और नीचे से भर रहा पानी



### छात्रों को आवागमन में हो रही परेशानी

**तेंदूखेड़ा**। एक तरफ जहां शासन शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में नित नए प्रयोग किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों में समस्यायों का निराकरण ना हो पाने के कारण छात्र छात्राएं परेशान बनीं हुई है।ऐसा ही एक मामला चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मदनपुर में देखनें को मिला है जहां प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्कूल की छत से पानी का रिसाव होने के साथ साथ नीचे धरातल का पानी जमा होने की स्थिति में परिसर में कीचड़ युक्त माहोल बना हुआ है। छात्र छात्राओं को आने जाने में हेरानी परेशानी हुआ करती है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार यहां पर विद्यालय का भवन भी जर्जर स्थिति में होता चला जा रहा है तथा पानी निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं होने से बरसात का पानी भरा रहता है।पालक वर्ग ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शीघ्र ही उचित व्यवस्था की मांग की है। गौरतलब रहे कि इसी परिसर में प्राथमिक माध्यमिक और हाईस्कूल के भवन है। छात्र छात्राओं के लिए बने पेशाव घरों की भी स्थिति काफी गंभीर बनीं हुई है। बच्चों को बाहर जाना पड़ता है।

### धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव





**तेंदूखेड़ा**। इन दिनों विघ्नेश्वर प्रथम देव श्री गणेश जी का महापर्व गणेशोत्सव संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति भाव के साथ बनाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। बाल टोलियों द्वारा प्रतिदिन पूजन अर्चन के साथ संगीतमय आरतियां की जा रही है। बाल टोलियों ने अपने-अपने स्तर पर भगवान गणेश की सुंदर झांकियां सजाई है ।जो जनाकर्षण का केंद्र बनीं हुई है। महिलाओं द्वारा दोपहर में भजन कीर्तन किये जा रहें हैं। तथा दर्शनार्थी दर्शन लाभ ले रहे हैं।समीपी ग्राम इमझिरा उमाहा में भी गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।

# धूमधाम से मनाया जा रहा पर्युषण महापर्व



### श्रीजी के अभिषेक पूजन आरती के साथ रात्रि में हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**तेंदूखेड़ा**। इन दिनों जहां संपूर्ण क्षेत्र में गणेशोत्सव से संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है वहीं दिगम्बर जैन मंदिर में भी प्रतिदिन श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा पूजन चल रहा है।समीपी ग्राम डोभी दिगम्बर जैन मंदिर में पर्वराज पर्यूषण पर्व की धूम बनीं हुई है। दिगम्बर जैन समाज के महिला पुरुष महिला मंडल बालिका मंडल एवं युवा वर्ग धार्मिक आयोजन में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। प्रतिदिन सुबह से श्रीजी का अभिषेक शांति धारा पूजन एवं दोपहर को विधान और शाम को आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। सांगानेर से पधारे संगम भैया जी द्वारा प्रवचनों के माध्यम से दशलक्षण पर्व के अलग-अलग दिवसों की व्याख्या की जा रही है।जबलपुर से आईं प्रेरणा जैन हितेश आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा भजन आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। ब्रह्मचारिणी नीरू दीदी द्वारा पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार कराये गये हैं जो जनाकर्षण का केंद्र बनें हुए हैं।सकल दिगंबर जैन समाज में उत्साह का माहौल है।



न्यू बजरंग वार्ड वटकेश्वर महादेव गणेश उत्सव समिति गोटेगांव



गोटेगांव स्थानीय सिंधी कॉलोनी में सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति



गोटेगांव स्थानीय आजाद वार्ड गणेश उत्स समिति



सेल्फी विद गणेश पटेल वार्ड स्थित वीरेंद्र कश्यप के निवास पर विराजमान राधा कृष्ण के साथ मनमोहन मंगल कर्ता श्री गणेशजी



सेल्फी श्री गणेश नया बाजार गुरुनानक वार्ड अनिल श्रीवास्तव के निवास पर विराजमान गणेशजी



जय भारत मंच गणेश उत्सव समिति गोटेगांव

# करकबेल क्षेत्रवासियों को नहीं मिल रही सुविधाएं

### स्थानीय ग्राम ग्रामवासियों ने उठाई सुविधाएं मुहैया कराने की मांग

**गोटेगांव**। समीप करकबेल गाँव में स्वास्थ्य सुविधा है अस्पताल तो है पर डॉक्टर नहीं, गाँव में पंचायत तो है पर विकास नहीं, पानी की टंकी तो है पर शुद्ध पानी नहीं, आवागमन के लिए स्टेशन तो है पर परम आवश्यक रेलगाड़ियां नहीं। पचासों ग्रामों का करकबेल केन्द्र है। छोटे बड़े व्यवसाय के संचालन के लिए, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीण समुदाय करकबेल पर निर्भर हैं। बात जब सुविधाओं की आती है तो जाने कितने जनसेवक कोरे आश्वासन देके चले गए। पर हुआ क्या? पटना कुर्ला जनता रोज मुंह दिखाकर निकलती है। इंटरसिटी जैसे कह रही हो मेरा स्टापेज बनाने जनसेवकों के समक्ष फरियाद लगाओ। जबलपुर अमरावती इशारे करती है बीमार हो तो श्रीधाम आओ। युवावर्ग, विद्यार्थी वर्ग, व्यवसायी वर्ग आदि सभी नैराश्यता की ओर बढ़ रहे हैं। जनसेवकों के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है।पश्चिम मध्य रेल खंड के आला अधिकारियों से करकबेल अर्ज करता है। रोजगार के लिए, विद्याध्ययन के लिए, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए करकबेल को इंटरसिटी और अमरावती दे दीजिए। करकबेल स्टेशन की जरूरत है जबलपुर अमरावती जबलपुर एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन स्टापेज । पश्चिम मध्य रेल खंड पर स्थित करकबेल स्टेशन पर जबलपुर अमरावती जबलपुर एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्टापेज की मांग करकबेल के साथ साथ समीपवर्ती गांव बौछार बासन पानी बेलखेड़ा सूरवारी ठेमी बडगुआ ठेमी खमरिया टपरियों कंधरापुर बम्हनी जटलापुर, सिमरी, अकोला, सनगापुर मुशरान पिपरिया,देवरी करकबेल बस्तीमेख मानेगांव गुंदरई बिछुआ मुगाली सगरा मल्लाह पिपरिया सहित करकबेल स्टेशन से लगे दर्जनों गांवों के निवासियों ने रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव मंडला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते पश्चिम मध्य रेल जबलपुर जोन महाप्रबंधक मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर से स्टापेज की मांग अविलंब की है। कृपया कर हम सभी करकबेल के संपूर्ण क्षेत्र वासियों को ट्रेन सुविधाओं के साथ-साथ अन्य सुविधाएं मुहैया कराएं ऐसी मांग संपूर्ण ग्राम वासियों ने की है।




### शर्मा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नियुक्त



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर**। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के संघ संविधान में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुये तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ म. प्र. के प्रांताध्यक्ष अतुल मिश्रा ने अंचल कुमार शर्मा, सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला अंडिया, संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेहरू, नरसिंहपुर, विकासखण्ड व तहसील नरसिंहपुर को तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश का जिलाध्यक्ष नरसिंहपुर मनोनीत किया है। श्री शर्मा के संगठन में जिला अध्यक्ष बनने पर कर्मचारियों ने बधाई देकर विश्वास व्यक्त किया है कि वे संगठन को मजबूत करने साथ कर्मचारियों के हितों के लिए काम करेंगे।

# राम धर्म के प्रतीक हैं, लक्ष्मण विवेक के रक्षक और सीता आत्मा की पवित्रता हैं- शंकराचार्य

**गोटेगांव**। परमहंसी गंगा आश्रम में चातुर्मास प्रवचन के दौरान द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने वाल्मीकि रामायण का महत्वपूर्ण प्रसंग सुनाते हुए भक्तों को भावविभोर कर दिया। शंकराचार्य ने कहा कि जब राक्षस मारीच ने स्वर्ण मृग का रूप धारण कर सीता जी को मोहित किया। तब श्रीराम ने उसे पकड़ने के लिए धनुष उठाया और एक बाण से उसका वध किया। मृत्यु के समय मारीच ने श्रीराम की वाणी का अनुकरण कर पुकारा हाय लक्ष्मण, हाय, सीता यह सुनकर जनकनन्दिनी का हृदय विचलित हो उठा। सीता ने लक्ष्मण से आग्रह किया कि वे तुरंत श्रीराम की खोज में जाएं। किन्तु लक्ष्मण ने समझाया कि श्रीराम अजेय हैं और किसी संकट में नहीं हो सकते। परंतु सीता के कठोर वचनों से आहत होकर लक्ष्मण ने धनुष बाण भूमि पर रखकर



लक्ष्मण रेखा खींची और आदेश दिया कि आप इस रेखा के बाहर किसी भी परिस्थिति में मत जाना। इसी समय रावण संन्यासी का वेश धरकर वहाँ आया और सीता से भिक्षा मांगने लगा। मर्यादा और धर्मपालन हेतु सीता ने लक्ष्मण रेखा लांघी और तभी रावण ने अपने वास्तविक स्वरूप का प्रकट कर सीता का अपहरण कर लिया। शंकराचार्य ने कहा कि रावण का रथ अधर्म, अविवेक और काम.बंधन से जुता हुआ था जबकि सीता धर्म, विवेक और भक्ति की प्रतीक थीं। जैसे ही रावण उन्हें उठा ले गया, माता सीता ने समस्त वृक्षों पशु.पक्षियों और देवताओं को साक्षी बनाकर कहा हे राम, हे लक्ष्मण, रावण मुझे हर ले गया है, यह समाचार मेरे स्वामी को अवश्य पहंचा देना। शंकराचार्य ने समझाया कि यह प्रसंग केवल कथा भर नहीं है बल्कि गहरी जीवन शिक्षा देता है। मारीच स्वर्ण मृग रूप में मोह और माया का प्रतीक है, रावण अहंकार और अधर्म का प्रतीक है, वहीं लक्ष्मण रेखा धर्म की सीमा रेखा है जिसे लांघते ही संकट सामने आ खड़ा होता है। शंकराचार्य जी ने समझाया कि राम धर्म के प्रतीक हैं, लक्ष्मण विवेक के रक्षक हैं और सीता आत्मा की पवित्रता हैं। जब मोह से विवेक पराजित होता है तब आत्मा बंधन में पड़ जाती है। यही बंधन मुक्ति की साधना की प्रेरणा बनता है।